**ಬಿಸಿನೀರು ಮುದ್ದಪ್ಪ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ**
**ಶಾಲಾ ಮಟ್ಟದ ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ –2020**

**समय : 3:00 घंटा** **विषय : हिंदी** **विषय संकेत : 61H**
**अंक : 80**

---

**I. निम्नलिखित कथनों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एकमात्र विकल्प सही है। सही विकल्प चुनकर लिखिए : 8x1=8**

1. ‘ गणेश’ शब्द मे संधि है –
   ए) वृद्दि बी) दीर्घ सी) गुण डी) यण
2. ’नौका’ शब्द का अन्यवचन है –
   ए) नौकाएँ बी) नौकाओं सी) नाव डी) नाविक
3. इनमें प्रथम प्रेरणात्मक क्रिया रूप है –
   ए) लिखावट बी) चडाई सी) सुनाना डी) बचना
4. ’मजबूत’ शब्द का विलोम शब्द है –
   ए) मुलायम बी) मजबूर सी) कमजोर डी) कोमल
5. नौकर शब्द का अनयलिंग रूप है _
   ए) नौकरी बी) नौकर सी) नौकराइन डी) नौकरे
6. इनमें द्वंद्व समास का उदाहरण है –
   ए) त्रिदेव बी) राजवंश सी) नीलकमल डी) माता -पिता
7. ’अभी बाजार --- भुना लाता हूँ’। रिक्त स्थान में उचित कारक होगा –
   ए) से बी) को सी) ने डी) पर
8. गिल्लू के जीवन का प्रथम वसंत आया। इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –
   ए) प्रश्नवाचक बी) पूर्ण विराम सी) विस्मयबोधक डी) अल्प विराम

**II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 1x4=4**

9. पहला सेब : आधा सड़ा था :: तीसरा सेब :______________
10. गिल्लू : रेखा चित्र :: मेरा बचपन :______________
11. मछली : तैरना :: सांप :________________
12. बलभद्र : बलराम :: कान्ह : ____________

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों मे लिखिए। 1x4=4**

13. लेखक ने धूप का चश्मा कहाँ रखा था ?
14. दोनों दोस्त जंगल की ओर क्यो चल पड़े ?
15. तुलसीदास मुखिया को मुख ही क्यों मानते है ?
16. समय को खोने से क्या होता है ?

**IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8x2=16**

17. अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी से बीतने का कारण लिखिए।|
18. अंत मे परसाई जी सीधा स्टेशन जाने का निश्चय क्यों किया ?

19.आजकल शिक्षित समाज मे किसके बारे मे विचार किया जाता है ?

20. गाव को आदर्श गाव कैसे बनाया जा सकता है**?**

21 .समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

22. बालकृष्ण अपनी माता से क्या शिकायते करता है?

23. शनिग्रह को शनैश्चर क्यों कहते है ?

अथवा

शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?

24. झूठ का सहारा लेने तो क्या-क्या सहना पड़ता है ?

अथवा

सालमा ने मीना मेडम से क्या कहा ?

**V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9x3=27**

25. बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लडका था। कैसे ?

26 इंटरनेट एक वरदान भी है और अभिषाप भी | कैसे ? समझाइए।

27. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?

28. महिला की साहस गाथा इसे पाठ से क्या संदेश मिलता है ?

29. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों मे लिखिए।

30. कवि भगवती चरण वर्माजी के अनुसार मातृभूमी का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

31. दिनकरजी के अनुसार किसे 'सही मानव' कह सकता है ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों लिखिए।

राम नाम मणि दीप धरू , जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बारीरौ , जो चाहसी उजियार ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कनाड या अंग्रेजी मे कीजिए।

अब्दुल कलाम जो बचपन मे अपने पुश्तैनी घर मे रहते थे ।उनके पिता आडंबरहीन व्यक्ती थे और सभी आवश्यक एवं आरामवाली चीजों से दूर रहते थे।

VI. **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए** : **2x4=8**

34. गिल्लू के कार्य- कलाप के बारे मे लिखिए।

अथवा

गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।

35. असफलता ------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------
-------------------------------------------------भागो तुम।

**VII. 36. निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4x1=4**

सम्राट अशोक चंद्रगुप्त मौर्य का पौता और बिंदुसार का पुत्र था। अशोक की उदारता और दया की भावना के कारण ही इतिहासकार उसका गुणगान करते नहीं थकते। उसकी उदारता और दया केवल मानव जाति तक ना सीमित थी। वरन वहां तो प्राणी मात्र का संरक्षक और सेवक था। जाति धर्म और देश की संकीर्णता को समाप्त कर उसने जीव मात्र के हित को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। सम्राट अशोक के मानव आदर्श आज भी भारत में जीवित है और यहां के निवासियों को आत्म कल्याण धार्मिक सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व की प्रेरणा दे रहे हैं।

क) अशोक का गुणगान क्यों किया जाता है ?

ख) अशोक के जीवन का लक्ष्य का क्या था ?

ग) सम्राट अशोक के आदर्श हमें क्या प्रेरणा दे रहे हैं?

घ) घर अशोक किसका पौता था ?

**VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में एक निबंध लिखिए। 1x4=4**

क) ‘ समय का सदुपयोग , -

* प्रस्तावना
* समय का महत्व
* समय का सदुपयोग से लाभ
* उपसंहार

ख) ‘ स्वच्छ भारत अभियान , -

*प्रस्तावना
* महत्व
* छात्रों का पात्र
* उपसंहार

ग) ‘ इंटरनेट ’ -

* अर्थ
* लाभ
* हानि
* उपसंहार

**IX. 38.कोई कारण बताकर , तीन दिन की छुट्टी की मंजूरी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए। 1x5=5**

**अथवा**

**अपनी पढ़ाई के बारे मे बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए।**

कक्षा :10 वी | नीला नक्षा- BLUE PRINT | अंक : 80

| | स्मरण रखना | | | | | समझना | | | | | अभिव्यक्ति | | | | | रसग्रहण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विषय-- वस्तु | व.नि | अ.ल | ल. उ. | | दी.उ. | व.नि | अ.ल | ल. उ. | | दी.उ. | व.नि | अ.ल | ल. उ. | | दी.उ. | व.नि | अ.ल | ल.उ. | | दी.उ | कुल प्रश्न | कुल अंक |
| | 1 अंक | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 1 अंक | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 1 अंक | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 1 अंक | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | | |
| गद्य भाग | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| कश्मीरीसेब | | | [1]2 | | | | [1] * | | | | | | | | | | | | | | 2 | 3 |
| गिल्लू | | | | | | | | | | | | | | | [1]4 | | | | | | 1 | 4 |
| मेरा बचपन | | | [1]2 | | | | [1]1* | | | | | | | | | | | | | | 2 | 3 |
| बसंत की सच्चाई | | | | | | | | | | | | | | [1]3 | | | | | | | 1 | 3 |
| इंटरनेट क्रांति | | | | | | | | | | | | | | [1]3 | | | | | | | 1 | 3 |
| ईमानदारों के सम्मेलन मे | | | [1]2 | | | | [1]1 | | | | | | | | | | | | | | 2 | 3 |
| दुनिया मे पहला मकान | | [1]1 | | | | | [1]1* | | | | | | | | | | | | | | 2 | 2 |
| रोबोट | | | | | | | | | | | | | | [1]3 | | | | | | | 1 | 3 |
| महिला की साहस गाथा | | | | | | | | | | | | | | [1]3 | | | | | | | 1 | 3 |
| कर्नाटक संपदा | | | | | | | | | | | | | | [1]3 | | | | | | | 1 | 3 |
| बाल शक्ति | | | | | | | | [1]2 | | | | | | | | | | | | | 1 | 2 |
| पद्य भाग | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| मातृभूमि | | | | | | | | | | | | | | [1]3 | | | | | | | 1 | 3 |
| अभिनव मनुष्य | | | | | | | | | | | | | | [1]3 | | | | | | | 1 | 3 |
| तुलसी के दोहे | | | | | | | [1[1] | | | | | | | | | | | | [1]3 | | 2 | 4 |
| समय की पहचान | | | | | | | [1]1 | [1]2 | | | | | | | | | | | | | 2 | 3 |
| सूर श्याम | | | | | | | [1]1 * | [1]2 | | | | | | | | | | | | | 2 | 3 |
| कोशिश क. की ह. नहीं हो. | | | | | [1]4 | | | | | | | | | | | | | | | | 1 | 4 |
| पूरक वाचन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| शनि : सबसे सुंदर ग्रह | | | | | | | | [1]2 | | | | | | | | | | | | | 1 | 2 |
| सत्य की महिमा | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| नागरिक के कर्तव्य | | | | | | | | [1]2 | | | | | | | | | | | | | 1 | 2 |
| व्याकरन भाग | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| व्याकरण | [5]5 | | | | | [3]3 | | | | | | | | | | | | | | | 8 | 8 |
| रचना भाग | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| अनुवाद | | | | | | | | | [1] 3 | | | | | | | | | | | | 1 | 3 |
| आपतित गदयांश | | | | | | | | | | [1]4 | | | | | | | | | | | 1 | 4 |
| पत्र लेखन | | | | | | | | | | | | | | | [1]5 | | | | | | 1 | 5 |
| निबंध रचना | | | | | | | | | | | | | | [1]4 | | | | | | | 1 | 4 |
| कुल योग | [10]16 | | | | | [17]27 | | | | | [10]34 | | | | | [1]3 | | | | | 38 | 80 |

**BMGHS - स्कूल स्तर के प्रश्न पत्र**

**समय : 3:00 घंटा** | **विषय : हिन्दी** | **विषय संकेत : 61H**

**Key Answer**

**I. निम्नलिखित कथनों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एकमात्र विकल्प सही है। सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **8x1=8**

1. सी) गुण **1**
2. ए) नौकाएँ 1
3. सी) सुनाना 1
4. सी) कमजोर 1
5. सी) नौकराइन **1**
6. डी) माता -पिता **1**
7. ए) से 1
8. बी) पूर्ण विराम **1**

**II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **1x4=4**

9. पिचक गया था **1**
10. आत्मकथा 1
11. रेंगना 1
12. कृष्ण 1

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों मे लिखिए।** **1x4=4**

13. टेबल पर 1
14. मकान बनाने का उपाय समझने के लिए 1
15. मुख सकल अंगों का पालन पोषण करता है इसलिए 1
16. पछताना पड़ता है **1**

**IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **8x2=16**

17. अब्दुल कलाम जी के पिता आडंबरहीन व्यक्ति थे और सभी अनावश्यक एवं ऐशो–आरामवाली चीजों से दूर रहते थे। पर घर में आवश्यक चीजें समुचित मात्रा में सुलभता से उपलब्ध थीं। 2
18. अंत मे परसाई जी सीधा स्टेशन जाने का निश्चय इसलिए लिया की अपने आप को खो जाने का डर से 2
19. आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटिन के शब्दों के बारे में विचार किया जाता है। 2
20. गाँव की गंदगी को दूर कर गाँव की सफाई करके। रास्ते के गड्ढे को ढाँपकर और गाँव के चारों तरफ पेड़–पौधे लगाने का काम करते हैं तो गाँव को आदर्श बना सकते हैं। 2
21. समय बहुत मूल्यवान है । इसलिए आलस, बहाने और समय नष्ट न करके कल काम आज करना है। 2
22. बलराम हमेशा चिढ़ाता है । वह कहता है कि तू नन्द -यशोधा के पुत्र नहीं हो । उन्होने तुम्हें खरीदा है वह बाते सुनकर सब ग्वाले मज़ाक करते है इस तरह शिकायते करता है । 2
23. धीमी गति से चलने से शनैश्चर कहते है।
2

**अथवा**

शनि का निर्माण हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से हुआ है।

24. मुंह काला पड़ता है , अपमानित होना पड़ता है 2

**अथवा**

समस्त देशवासियों के प्रति भाईचारे का भाव रखना और जाती , प्रदेश , वर्ग , पर आधारित सभी भेद - भावों से दूर रहना चाहिए।

**V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** **9x3=27**

25. बसंत अपने परिश्रम की कमाई से जीना चाहता था। मोटर दुर्घटना के कारण पैर कुचल जाने पर भी पंडित राजकिशोर के साढे चौदह आने को वापस लौटाता है। इस कारण बसंत ईमानदार लडका है। 3

26 . इसके द्वारा दुनिया के लोगों को एक जगह पर ला खडा करदिया है । सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स हैं जैसे फेसबुक , वाट्सप , ट्विट्र , लिंकडइन, आरकुट आदि इन साइटों के कारण के लोगों की रहन–सहन वेश–भूषा खान पान के अलवा संस्कृति देश विदेश कला आदी का प्रभाव शीघ्रातीशीघ्र हमारे समाज पर पड रहा है । इंटरनेट से पैरसी, बैकिंग फ्राड, हैकिंग आदि बढ रही है। मुक्त वेब साइट्स, चैटिंग में युवा पीढी फँसना। इससे वक्त का दुरुपयुग, अनुपयुक्त और अनावश्यक जानकारी हासिल कर रहे हैं। इन अंशों से पता चलता है की इंटरनेट एक ओर वरदान है दूसरे ओर अभिशाप भी है 3

27. धीरज सक्सेना को नाती–पोतों का होमवर्क कराने के लिए एवं वर्ड प्रोसेसर पर धीरज सक्सेना का काम संभालने के लिए चाहिए था। 3

28. इस पाठ से उन सारे महिलाओं को आत्मविश्वास मिलता है कि जो अपने आप को कमजोर समझते है। साथ ही प्रयत्न करने से कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। स्त्री इस पुरुष प्रधान समाज मे पुरुष के समान कुछ करके दिखा सकती है और देश प्रेम का संदेश मिलता है। 3

29. प्रकृतिमाता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सँवारकर सुंदर समृद्ध बनाया है। कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है। इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं। इन्हीं घाटों का कुछ भाग सहयाद्रि कहलाता है। दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं। 3

30. भारत माँ के एक हाथ में न्याय-पताका है, और दूसरे हाथ में ज्ञान-दीप है। जग के रुप को बदलने के लिए कवि भारत माँ से निवेदन कर रहे हैं। आज माँ के साथ कोटि-कोटि भारत की जनता है। सभी ओर शहर और गाँवों में जय हिन्द का नाद गूँज उठा है। इस तरह मातृभूमि का स्वरुप सुशोभित है। 3

31 दिनकर जी के अनुसार मानव -मानव के बीच स्नेह , दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाता है वही मानव कहलाने का अधिकारी है। वही मानव का सही परिचय है । 3

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों लिखिए।

श्री तुलसीदास कहते हैं कि राम नाम मणिदीप को जीहदेहरी पर रखना है जिससे हमारे भीतर बाहर उजियार पा सकते हैं। 3

33. गद्यांश का अनुवाद कनाड या अंग्रेजी मे कीजिए।

ಅಬ್ದುಲ್ ಕಲಾಂರು ಬಾಲ್ಯದಲ್ಲಿ ತಮ್ಮ ಪೂರ್ವಜರ ಮನೆಯಲ್ಲಿರುತ್ತಿದ್ದರು . ಅವರ ತಂದೆ ಆಡಂಬರರಹಿತ ವ್ಯಕ್ತಿಯಾಗಿದ್ದರು ಹಾಗೂ ಎಲ್ಲ ರೀತಿಯ ಅನಾವಶ್ಯಕ ಹಾಗೂ ಆರಾಮದಾಯಕ ವಸ್ತುಗಳಿಂದ ದೂರವಿದ್ದರು. 3

VI. **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए** : **2x4=8**

34. गिल्लू के कार्यकलाप को देखकर सभी को आश्चर्य होता था। लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू पैर तक आकर सर्र से परदे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेजी से उतरा करता था। तब तक लेखिका उसे पकडने के लिए न उठती। थाली के पास बैठकर एक-एक चावल उठाकर बड़ी सफाई से खाता था और टीक चार बजे वापस अपने झूले पर आ जाता था। **4**

अथवा

गिल्लू अंतिम दिन में दिन भर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया। पंजे इतने ठंडे हो रहे थे। लेखिका ने हीटर जलाकर उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ वह चिर निद्रा में सो गया।

35. असफलता एक चुनौती है इसे स्वीकार करो। **4**
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफ्ल हो, नींद चैन को त्याग दो।
संघर्ष का मैदान छोडकर मत भागो तुम।

**VII. 36. निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4x1=4**

सम्राट अशोक चंद्रगुप्त मौर्य का पौता और बिंदुसार का पुत्र था। अशोक की उदारता और दया की भावना के कारण ही इतिहासकार उसका गुणगान करते नहीं थकते। उसकी उदारता और दया केवल मानव जाति तक ना सीमित थी। वरन वहां तो प्राणी मात्र का संरक्षक और सेवक था। जाति धर्म और देश की संकीर्णता को समाप्त कर उसने जीव मात्र के हित को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। सम्राट अशोक के मानव आदर्श आज भी भारत में जीवित है और यहां के निवासियों को आत्म कल्याण धार्मिक सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व की प्रेरणा दे रहे हैं।

क) दया की भावना के कारण

ख) जाति धर्म और देश की संकीर्णता को समाप्त करना था।

ग) आत्म कल्याण धार्मिक सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व

घ) चंद्रगुप्त मौर्य का

**VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में एक निबंध लिखिए। 1x4=4**

क) **1. समय अनमोल है :** *प्रस्तावना * महत्व * आवश्यकता * उपसंहार

**प्रस्तावना :** समय का हमारे जीवन में अति महत्वपूर्ण स्थान है समय सभी वस्तुओं से यहां तक कि धन से भी अधिक शक्तिशाली और अमूल्य वस्तु है यदि एक बार ये हमारे हाथ से निकल गया तो फिर यह वापस लौटकर नहीं आता है।

**महत्व :** समय धन से भी ज्यादा कीमती है; क्योंकि यदि धन को खर्च कर दिया जाए तो यह वापस प्राप्त किया जा सकता है हालांकि, यदि हम एक बार समय को गंवा देते हैं, तो इसे वापस प्राप्त नहीं कर सकते हैं। समय के बारे में एक सामान्य कहावत है कि, "समय और ज्वार-भाटा कभी किसी की प्रतीक्षा नहीं करते हैं।" यह बिल्कुल पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व की तरह ही सत्य है, अर्थात्, जिस तरह से पृथ्वी पर जीवन का होना सत्य है, ठीक उसी तरह से यह कहावत भी बिल्कुल सत्य है। समय बिना किसी रुकावट के निरंतर चलता रहता है। यह कभी किसी की प्रतिक्षा नहीं करता है।

**आवश्यकता :** हमें जीवन के किसी भी दौर में कभी भी अपने कीमती समय को बिना किसी उद्देश्य और अर्थ के व्यर्थ नहीं करना चाहिए। हमें हमेशा समय के अर्थ को समझना चाहिए और उसी के अनुसार, इसे सकारात्मक ढंग से कुछ उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इसका प्रयोग करना चाहिए। हमें इससे निरंतर कुछ ना कुछ सीखते रहना चाहिए यदि यह बिना किसी रुकावट के चलता रहता है, तो फिर हम ऐसा क्यों नहीं कर सकते।

**उपसंहार** : जो घड़ी हम हाथ में बांध कर चलते हैं वह हमसे कहती है कि मेरे साथ चलो भले ही आगे चलो पर मेरे से पीछे हो कर नहीं चलना क्योंकि साथ चलने से सदा जीवन सुखी रहता है और समय सोने से भी अधिक मूल्यवान है और इसकी कीमत समय पर ही समझना जरूरी है।

ख) **स्वच्छ भारत अभियान : * परिचय * स्वच्छ भारत अभियान क्या है ? * स्वच्छ भारत अभियान की जरुरत * उपसंहार**

**परिचय** : स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत सरकार द्वारा देश को स्वच्छता के प्रतीक के रुप में पेश करना है।

**स्वच्छ भारत अभियान क्या है ? :** स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय स्वच्छता मुहिम है जो भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है, इसके तहत 4041 सांविधिक नगरों के सड़क, पैदल मार्ग और अन्य कई स्थल आते है। ये एक बड़ा आंदोलन है जिसके तहत भारत को 2019 तक पूर्णत: स्वच्छ बनाना है। इसमें स्वस्थ और सुखी जीवन के लिये महात्मा गाँधी के स्वच्छ भारत के सपने को आगे बढ़ाया गया है।

**स्वच्छ भारत अभियान की जरुरत** : अस्वास्थ्यकर शौचालय को पानी से बहाने वाले शौचालयों से बदलने की आवश्यकता है। हाथ के द्वारा की जाने वाली साफ-सफाई की व्यवस्था का जड़ से खात्मा जरुरी है। नगर निगम के कचरे का पुनर्चक्रण और दुबारा इस्तेमाल, सुरक्षित समापन, वैज्ञानिक तरीके से मल प्रबंधन को लागू करना। खुद के स्वास्थ्य के प्रति भारत के लोगों की सोच और स्वाभाव में परिवर्तन लाना और स्वास्थ्यकर साफ-सफाई की प्रक्रियों का पालन करना। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में वैश्विक जागरुकता का निर्माण करने के लिये और सामान्य लोगों को स्वास्थ्य से जोड़ने के लिये। इसमें काम करने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर कचरे के निष्पादन का नियंत्रण करना, खाका तैयार करने के लिये मदद करना।

**उपसंहार :** इस तरह हम कह सकते है कि 2019 तक भारत को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिये स्वच्छ भारत अभियान एक स्वागत योग्य कदम है। जैसा कि हम सभी ने कहावत में सुना है 'स्वच्छता भगवान की ओर अगला कदम है'।

ग) **इंटेरनेट :** * इंटरनेट का अर्थ * इंटरनेट का उपयोग या महत्व * हानियाँ * उपसंहार

**इंटेरनेट अर्थ :** एक दुसरे से जुड़े कई कंप्यूटरों का जाल है जो राउटर एवं सर्वर के माध्यम से दुनिया के किसी भी कंप्यूटर को आपस में जोड़ता है, उसे इंटरनेट कहते है।

**इंटरनेट का उपयोग या महत्व :** इन्टरनेट आज हमारे जीवन एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है , आज इंटरनेट के कई उपयोग है। मनोरंजन के लिए , बैंकिंग के लिए , किसी भी डॉक्यूमेंट को मेल के माध्यम से ट्रान्सफर करने के लिए , आपस में बात चीत करने केलिए , नए दोस्त बना सकते है , online पढाई कर सकते है , घर बैठे शोपिंग कर कर सकते है , न्यूज़ पढ़ सकते है , मोबाइल,बिजली, phone का बिल जमा कर सकते है., बिज़नस के प्रचार प्रसार के लिए . विज्ञापन के लिए , किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए इत्यादि…

**हानियाँ :**कुछ लोग इसके आदी हो जाते है और दिन दिन भर इससे चिपके रहते है जिससे उनकी आँखों की रौशनी कम हो सकती है, साथ यह लोगों ही स्मृति यानि याद्दाश्त को भी बहुत प्रभावित करता है साथ ही इन्टरने का इस्तेमाल करने से वायरस का भी खतरा रहता और कुछ हैकर आपकी निजी जानकारी को भी चुरा सकते है जो आपके लिए आर्थिक रूप से हानिकारक हो सकती है.

**उपसंहार** :- कभी-कभी इंटरनेट से सीधे-तौर पर कुछ भी डाउनलोड करने के दौरान, हमारे कम्प्यूटर में वाइरस, मालवेयर, स्पाइवेयर, और दूसरे गलत प्रोग्राम आ जाते है जो हमारे सिस्टम को नुकसान पहुँचा सकते है। ऐसा भी हो सकता है कि हमारे सिस्टम में रखे डाटा को बिना हमारी जानकारी के पासवर्ड होने के बावजूद भी इंटरनेट के द्वारा हैक कर लिया जाये। इंटरने से भी लाभ भी हैं और हानियाँ भी हैं, अब सिर्फ हम निर्भर होता है कि इसका इस्तेमाल कैसे करते हैं।

**IX. 38.कोई कारण बताकर , तीन दिन की छुट्टी की मंजूरी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए। 1x5=5**

**अथवा**

**अपनी पढ़ाई के बारे मे बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए**

प्रेषक का नाम व पता

अ. ब. क

दसवी कक्षा

BMGHS

चल्लकेरे

दिनांक 4.4.2020

सेवा में

प्रधानाध्यपक/कक्षाध्यापक

BMGHS

चल्लकेरे

मान्य महोदय

विषय: दो दिन/तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए।

मे राकेश/रम्या आपकी पाठशाला मे 10वी कक्षा मे पढ़ रहा/रही हूं मेरी बहन की शादी चित्रदुर्ग मे होनेवाली है मे इसमे भागलेना अनिवार्य है इसलिए दिनांक: 3-4-2020 से 5-4-2020 तक पाठशाला नहीं आ सकता /सकती इसलिए आप ये तीन दिन की छुट्टी देने की कृपा करें ।

धन्यवाद के साथ

आपका आज्ञाकारी छात्र/छात्रा

राकेश /रम्या